3 निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1) कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ
जिससे उथल-पुथल मच जाए,
एक हिलोर इधर से आए,
एक हिलोर उधर से आए।

सावधान! मेरी वीणा में
चिनगारियाँ आन बैठी हैं,
टूटी हैं मिज़राबें, अंगुलियाँ
दोनों मेरी ऐंठी हैं।

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) कवि कैसी तान सुनना चाहता है?

(ग) कवि किस प्रकार की हिलोर लाना चाहता है?

(घ) कवि का स्वर इतना कठोर क्यों है?

(i) ताकि लोग डर जाएँ

(ii) कोमल स्वर से परिवर्तन संभव नहीं

(iii) ताकि लोग पुरानी रीतियाँ और रूढ़ियाँ त्याग दें

(iv) 'ii' और 'iii' दोनों

(ङ) 'मिज़राबें' का अर्थ है

(i) वीणा का तार

(ii) वीणा से निकलने वाला राग

(iii) वीणा बजाते समय पहना जाने वाला धातु का छल्ला

(iv) वीणा का ऊपरी भाग